श्री बी० बी० तारोडकर (नादेड़) : सभापति महोदय, मैं प्रधान मंत्री और वित्त मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि जनता के प्रति अपने फर्ज और जनता की ख्वाहिशों को अच्छी तरह समझ कर उन्होंने चाय और दूसरी चीजों में करों की छूट दी है। उन्होंने जो छोटी इंडस्ट्रीज हैं जिनका उत्पादन 2 लाख रु० तक का होता है उनको कर से मुक्त किया है। इसी तरह से मैं प्रधान मंत्री को बधाई देना चाहता हूं कि जो इस सदन में ही नहीं बल्कि देश में कई सालों से बैंकों के राष्ट्रीयकरण की मांग हो रही थी उन्होंने उसको मान लिया। हम देखते हैं कि बैंकों से हमारे देश के गरीबों को, सारे देश के करीब 80 प्रतिशत लोगों को, जो देहातों में रहती हैं, अभी तक जो सुविधायें मिलनी चाहिये थीं, वह नहीं मिल रही थीं। लेकिन बैंकों के राष्ट्रीयकरण के बाद ऐग्रीकल्चर (काश्तकारी) में लगे लोगों को बड़े पैमाने पर लोन आदि की सुविधायें मिलने लगी हैं। इसके लिये भी मैं प्रधान मंत्री और वित्त मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं। इस अवसर पर मैं इसके लिये भी प्रधान मंत्री और वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने इनकम टैक्स की लिमिट को बढ़ा कर 4200 से 5000 रु० कर दिया।

लेकिन साथ साथ इस बारे में भी मैं अपनी राय रखना चाहता हूं कि जिस वक्त श्री मोरारजी देसाई वित्त मंत्री थे, उन्होंने रिटर्न देर से दाखिल करने के लिये कड़ी पेनैलिटी इम्पोज की तथा इनकम टैक्स का असेसमेंट थोड़ा बहुत भी इन्क्रीज्ड होता है तब उस पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट हेवी पेनैलिटी इम्पोज करता है। नतीजा यह होता है कि बहुत से करदाता अंदरूनी तौर पर इनकम टैक्स आफीसर को मिलाने की कोशिश की जाती है और इनकम टैक्स की राशि की कमी की जाती है। इस वास्ते इसमें थोड़ा-सा एमेंडमेंट करने की आवश्यकता है।

अब मैं एग्रिकलचर वैल्थ टैक्स के बारे में एक सुझाव रखना चाहता हूं। एक माननीय सदस्य ने यह कहा है कि इस टैक्स का स्वागत किया जाना चाहिये। आप देखें कि हमारे देश में जमीन का छोटे छोटे टुकड़ों में बटवारा होता जा रहा है। महाराष्ट्र में हमने देखा है कि लैंड सीलिंग की बजह से जमीन एक व्यक्ति के पास ज्यादा नहीं रही है। उत्तर प्रदेश में लैंड सीलिंग आ चुका है। वहां तीस एकड़ की लिमिट लगाई गई है। हम नारा देते हैं कि एग्रिकल्चरल प्रोडक्शन हमारा बढ़ना चाहिये। लेकिन आप देखें कि एग्रिकल्चरल वैल्थ टैक्स अगर इम्पोज किया गया तो उसका क्या असर पड़ेगा। आपने इनकम टैक्स की लिमिट को पांच हजार तक बढ़ा दिया है। जिसकी वजह से दो लाख केसिस इससे कम हो गए हैं। लेकिन यह जो एग्रिकलचरल वैल्थ टैक्स आप लगा रहे हैं इसकी वजह से पचास हजार से ले कर एक लाख केसिस बढ़ेंगे। इस कारण से काश्त करने वाले जो लोग हैं उन पर कितनी बड़ी मुसीबत आएगी, क्या इसका भी अंदाजा आपने लगाया है? उनको

इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करनी पड़ेगी । अगर वे सही न हुई या उन्होंने इनको देर से दाखिल किया तो उन पर बड़ी पैनेलटीज इम्पोज होंगी । इसका सीधा असर अनाज की पैदावार पर पड़ेगा । अगर आप चाहते हैं कि पैदावार बढ़े तो वैल्थ टैक्स को आपको खतम करना चाहिये । अगर ऐसा आपने किया तो जनता आपको बधाई देगी और खास तौर पर जो काश्त करने वाले लोग हैं, वे आपको बधाई देंगे ।

रिजनल इम्बैलेंस के बारे में अब मैं कुछ कहना चाहता हूं । हमारा मराठवाडा का इलाका है । हम पहले हैदराबाद स्टेट में रहते थे । यह देश का एक बहुत ही आर्थिक दृष्टि से बैकवर्ड एरिया है । यहां कोई भी पब्लिक सैक्टर की इंडस्ट्री नहीं लगाई गई है । जिस वक्त यह एरिया महाराष्ट्र में विलीन हुआ था उस वक्त रेलवे के साथ एक एग्रीमेंट हुआ था । जितना भी इस एरिया का सरपलस एमाउंट है वह उसी एरिया में रेलवे के एक्सटैंशन (बढ़ौती) पर लगाया जाएगा । इस एग्रीमेंट को हुए बारह चौदह साल हो गए हैं । वहां एक मील का भी एक्सटैंशन नहीं हुआ है । कई करोड़ रुपया ऐसे ही चला गया है । मराठवाड़ा के लोगों का ख्याल ऐसा है कि सैंटर का उनकी तरफ ध्यान नहीं है । वहां के लोगों ने मनमाड मुदखेड़ ब्राडगेज की मांग की थी । लेकिन ब्राड गेज भी नहीं दी गयी । आज हमारे देश में जगह जगह एजीटेशन चल रहे हैं । हर स्टेट में हम देख रहे हैं कि एजीटेशन चल रहे हैं । नई नई स्टेट्स बनाने की मांगें उठ रही हैं । पृथक तेलंगाना की मांग चल ही रही है । मराठवाडा के लोगों के मन में इस तरह की कोई फीलिंग न हों कि उनको इगनोर किया जा रहा है, इस तरफ ध्यान देना बहुत आवश्यक है । पब्लिक सैक्टर इंडस्ट्री आप वहां दे सकते हैं । लेकिन वह भी आपने नहीं दी है । किसी चीज में सेंटर से कोई मदद नहीं मिली है । मेरी प्रार्थना है कि सैंटर की ओर से हमारे इस एरिया की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है, और उसके लिए कुछ किया जाना चाहिये, उनकी मदद की जानी चाहिये ।

मैंने पहले भी जानकारी दी थी कि नांदेड, औरंगाबाद आदि मराठवाडा के एरिया में बहुत भारी फ्लड आया था जिसकी वजह से हजारों एकड़ जमीन वहां बह गई थी । इससे वहां पर अनएम्प्लायमेंट की प्राबलैम पैदा हुई । इसको ले कर महाराष्ट्र गवर्नमेंट ने एक डैलीगेशन वहां पर भेजा है जो सर्वे कर रहा है । जिस तरह से केन्द्रीय सरकार राजस्थान तथा दूसरी स्टेट्स की मदद कर रही है सूखे आदि की स्थिति का मुकाबला करने के लिए, उसी प्रकार से वहां भी मदद सैंटर की ओर से होनी चाहिये और कुछ बिल्डिंग्ज, रोड्स पीने की बावलिया, टेलीफोन के खंबे आदि काम निकाले जाने चाहियें ताकि लोगों को रोजगार मिल सके । इसके लिए स्पेशल फंड, आप निकालें और उनको काम दें । इससे जो लोग बेरोजगार हो गए हैं, उनको कुछ सुविधा मिल सकेगी । मराठवाड़ा में सबसे कम काम टेलीफोन और पोस्ट का है—अभी तक तालुका और 10,000 की आबादी को फोन नहीं है जितने मैं भी एक या दो डाइरेक्टर लाइन्स है, जिससे बाहेर गांव के फोन 6 और 9 घंटे तक नहीं मिलते । पोस्ट आफिस के लिए बिल्डिंग नहीं है ।

अब मैं एग्रिकलचरिस्ट लोगों के बारे में मैं कुछ कहना चाहता हूं । देहातों के कितने ही लोग शहरों की तरफ आ रहे हैं । जो लोग पढ़ लिख जाते हैं वे शहरों में आ कर बसने की कोशिश करते हैं । इस कारण से जो अनएम्प्लायमेंट प्राबलैम है वह बढ़ रहा है । मैं आपको बधाई देना चाहता हूं कि आपने ड्राई लैंड (बगैर पानी की जमीन) के बारे में बड़ी अच्छी योजना बजट में पेश की है । मैं चाहता हूं कि ड्राई लैंड वालों को और ज्यादा सुविधायें आप दें । साथ ही साथ जो गांव के विद्यार्थी पढ़ लिख जायें और जो शहरों में जा कर बसना

[श्री बें० बा० तारोड़कर]

चाहते हैं उनके लिए आप वहीं पर इंडस्ट्रीज की तथा दूसरी सुविधाओं की व्यवस्था कर दें। वहां आप एग्रो इंडस्ट्रीज खोल कर इनको काम से लगा सकते हैं या इनको प्रोत्साहन दे कर इनके द्वारा इन इंडस्ट्रीज को चालू करा सकते हैं। इससे काफी तरक्की हो सकती है। जापान एक छोटा-सा देश है। वहां एग्रो-इंडस्ट्रीज बहुत ज्यादा हैं और हम देखते हैं कि वहां बड़ी तरक्की हो रही है। हमारा देश एक विशाल देश है। फिर भी वहां सुविधाओं के अभाव में ये इंडस्ट्रीज नहीं खुल पा रही है और देश उस देश की तरह से तरक्की नहीं कर पा रहा है। मैं आपको इसके साथ साथ इस बात के लिए धन्यवाद देता हूं कि इस साल आपने 58 जिलों को सिलैक्ट किया है जहां पर आप खास तौर पर ध्यान देंगे और धन लगायेंगे।

महाराष्ट्र की दृष्टि से गोदावरी और कृष्णा का जो प्राबलैम है, वह बहुत महत्वपूर्ण प्राबलैम है। प्रधान मंत्री जी को मालूम ही है कि इसकी वजह से महाराष्ट्र में बड़ी परेशानी है। आप यह भी जानते हैं कि महाराष्ट्र में इस वक्त केवल छः परसेंट भूमि में इरिगेशन का प्रबन्ध है जबकि बाकी देश को देखा जाए तो वहां 26 परसेंट में इरिगेशन होती है। महाराष्ट्र की और देश की भी यह ख्वाहिश है कि हमारी पैदावार बढ़े। पैदावार बढ़ाने के लिए कुछ प्राजैक्ट्स हैं जिनको हम हाथ में लेना चाहते हैं। सैंटर के पास महाराष्ट्र के बहुत से प्राजैक्ट सैंक्शन के लिए पड़े हुए हैं। उनके सैंक्शन नहीं दी जा रही है। मैं चाहता हूं कि उनको जल्दी स्वीकृति प्रदान की जाए। साथ ही गोदावरी और कृष्णा का जो सवाल है और जो कई साल से लटका हुआ है, उसका हल भी निकाला जाए। इसमें खास तौर पर आप दिलचस्पी लें और इसको साल्व करें। तथा कयादू मराठवाडा का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है। ये महाराष्ट्र सरकार की निधि से चल रहा है। उसे सेन्ट्रली स्पोन्सर्ड करे तथा दूसरे प्रोजेक्ट जैसे ऊपर परगना, अपर वर्धा, अपर ताप्ती, पेंच, दूधना, लोंडी तीलारी, मांजरा को स्वीकृति जल्दी दें।

महाराष्ट्र ने ज्वार का मौनोपोली प्रोक्योरमेंट शुरू किया है, इसको अपने हाथ में लिया है। इसका वहां लोगों ने स्वागत किया है और इसके लिए वहां की सरकार धन्यवाद की पात्र है। महाराष्ट्र में कपास भी बहुत ज्यादा पैदावार होती है। कपास की कीमत भी ज्वार की तरह किसानों को ठीक नहीं मिलती है। महाराष्ट्र का इरादा है कि जिस तरह से ज्वार को अपने हाथ में लिया है उसी तरह से कपास की काश्त करने वालों को पूरी कीमत दिलाने के लिए, वह इसको भी अपने हाथ में ले ले। वह इसमें सैंटर से मदद चाहती है और मैं प्रार्थना करता हूं कि उसको यह मदद दी जाए।

अन्त में आपने मुझे जो समय दिया है उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं और अगर प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री ने मराठवाडा की प्रावलैम्ज की तरफ खास तौर पर ध्यान दिया तो मैं उनको भी धन्यवाद दूंगा।

SHRI CHENGALRAYA NAIDU (Chittoor) : Sir, there is a wrong notion among politicians in all Parties that the agriculturists are making lot of money due to the green revolution. This is a very wrong notion. I am only sorry for them. These people who do not know A, B, C, D of agriculture have become our leaders. It is unfortunate. About 80% of our population depend on agriculture. Agriculturists and labour, both combined, constitute 85% of the population and the balance 15% who do not know A, B, C, D of agriculture have bossed over them and they do a lot of harm.

Last year when Morarji Bhai was the Finance Minister, he introduced this Agriculture Wealth Tax and Fertiliser tax. At that time some members said that it was Morarji Bhai who did it and the Prime Minister has got all sympathy for the agriculturists. Now Morarji Bhai is gone and the Prime Minister is the Finance Minister. She must show her sympathy by withdrawing this wealth tax. She has shown only a small mercy of exempting the farm houses. Who

is having such big farm houses? Not the poor farmers. I want the Prime Minister to tax the farm house and leave off the land. Let her tax this farm house and leave off these lands from the agricultural wealth tax. Only the rich people, the rich peasants who can afford to spend Rs. 2 lakhs or 3 lakhs could have farm houses. The poor agriculturists have not got these farm houses. So, please tax the people who have got big farm houses and exempt these lands from the tax. This is my request to you. Agricultural wealth tax by the Centre is itself a wrong thing. Some people say, agriculturists have made lot of money. Only within 2 or 3 years they are able to see some money but for all these years, for all these centuries together, they were downtrodden and they were not able to educate their children and they have suffered. It is only now that they see some money and now these people's eyes have become sore. May I know whether these agriculturists are having air-conditioners in their houses or air conditioned cars? They are only investing this money in levelling the land, deepening the well, purchasing the tractors, etc. They are using more fertilisers. When they are doing all these things, why should you tax them? This method of taxation, the agricultural wealth-tax, is itself a wrong thing. For the States, this is the only main income. The main income of the States is from land revenue. And, you want to encroach on that also. You want to encroach there and have that amount and you say you will distribute that amount. To whom ? To whom soever supports you and others won't get it. I tell you, in so many States the land revenue has been doubled and trebled. Why do you think that they have not taxed? They have already taxed. The State Governments have already tken steps and they have already taxed. And now, in addition to that, if the Central Government also wants to tax, is it fair? I am asking you. My only request to the Prime Minister is this: Don't take away this main income from the States. Wherever they have not taxed, ask the States to tax them, but wherever they are already taxed you can't impose another tax. This is my only humble suggestion. My only request is that the Prime Minister may consider this and in the end this tax may be withdrawn. Otherwise, Madam, what happened to Morarjibhai will happen to you. Please consider this.

Regarding sugarcane I want to bring this thing to the notice of the Prime Minister. The Prime Minister has got only 5 acres of land and she has grown some wheat only. She might know about wheat, but about sugarcane she does not know. That is why I want to tell her about this. Now the Government has fixed the price of sugarcane at Rs. 73 minimum price. Do you know the cost of firewood in the city, Madam? It costs Rs. 125. For growing firewood you have given more concession. You have got more sympathy to the people who grow firewood than to the people who grow sugarcane. Sugarcane needs more watering, more manure, more labour. But in respect of firewood, within two years, you get double the quantity and you can make Rs. 125.

You will please consider this. Since you do not know anything about agriculture, I am bringing this fact to you.

SHRI S. KANDAPPAN : He is addressing the Prime Minister. Let him address the Chair.

SHRI CHENGALRAYA NAIDU : I am addressing her through you, Mr. Chairman.

Now take the cost of fertilisers. It is the highest here. Nowhere in the world the fertiliser costs so much as in India. Though the prices of other commodities have gone up, at least Government should see that the price of fertilisers is not high. Agriculturists are expected to use more manures. And there is a wrong notion that only the rich people use the fertilisers and the poor do not use them. I am sorry for it. Actually, the rich people do not care for this whether they grow or not. But, the poor people have to put in a little more efforts for growing more foodgrains. And if the poor agriculturists are taxed even on fertilisers how can you expect them to grow more? I only appeal to the Government to remove the fertiliser tax from the taxation proposal so that the poor people may use more and more fertilisers and grow more foodgrains so that you need not have to depend upon America.

The Prime Minister has said in her budget speech that she is going to give some relief or some help to the people in the dry-farming area. In the dry-farming areas, only the

[Shri Chengalraya Naidu]

rich people purchase lands. In Delta areas they purchase lands and they have better water facilities here whereas the poor people are having their lands in dry areas because they cannot afford to purchase lands in the delta areas.

MR. CHAIRMAN : The hon. Member's time is up.

SHRI CHENGALRAYA NAIDU : I have got four or five minutes.

MR. CHAIRMAN : There are five speakers from your party. I do not mind your exhausting the entire time that will be required by the other members of your party. However you may take one more minute if you want.

SHRI CHENGALRAYA NAIDU : I was telling that these people are growing groundnut oil seeds and other things in the dry land areas. What relief are you going to give to them? You have not even fixed the minimum price for the groundnuts and other things. When the agriculturists get the produce to the market the price is low. But, when the merchants get them, the price goes up. Why cannot the Government fix the minimum price? Every year, this Government is importing lakhs of tonnes of soyabean oil from America. We want to be self-sufficient in food-grains as also in soyabean edible oil. But, we are getting them from America and Russia. Is it not telling on our efficiency ?

So, I request the Prime Minister to fix up the minimum price for the oil-seeds. Only the oil-seeds are grown in dry land areas. If you have got really sympathy for these poor people, please fix up the minimum price for this that sufficient quantity of these oil seeds is grown and these are given to the oil manufacturers.

MR. CHAIRMAN : Now you must conclude.

SHRI CHENGALRAYA NAIDU : I am concluding. I agree that the Prime Minister wishes to collect some tax for the development. For whose development does she collect the tax? Not for our development but for the development of Russians. Every Russian Engineer, for example, is paid Rs. 35,000 per month with air-conditioned rooms etc., etc. With this amount, you can feed seventy unemployed engineers in our country. What are you doing? Every useless item of machinery is bought from Russia and is assembled here. In Hyderabad, there is a synthetic drugs factory. The plant there is an old one. There is another synthetic drugs factory in Rishikesh. That is also an old one. All these plants were rejected by China, but they were painted and brought back to India and fitted here. If things are going on like this, I do not know what is going to happen.

I have to congratulate the Prime Minister on withdrawing the concession in regard to having guest-houses so far as the corporate bodies are concerned. That is very good. But what about the Prime Minister ? She has appointed communist card-holders as chairmen of the public sector projects, ahd they are having guest-houses. Why should the corporate sector be deprived of these guest-houses, while at the same time, the public sector projects are allowed to have them ? I cannot understand this. Why should there be this discrimination between private sector and public sector in the matter of guest-houses? Our communist friends have complained several times about the misuse of these guest-houses for political purposes in Kerala. Very recently, some Gujarat MLAs were brought here and accommodated in some guest-house in Delhi. This is how the guest-houses are misused by them. I appeal to the Prime Minister to see reason, and to see the agriculturists' plight. Let them not be taxed. There is only one tax left to the States, and that is the agricultural land revenue. Let the States not be deprived of this. I only appeal to the Prime Minister once again to see that the agricultural wealth tax is withdrawn. Otherwise, in 1972, the people will show what it would mean.

श्री मृत्युंजय प्रसाद (महाराजगंज) : सभापति जी, मैं आपके द्वारा प्रधान मंत्री का ध्यान पहले तो इस बात की ओर दिलाऊंगा कि उन्होंने बार बार कहा है कि जो कुछ क्रिटिसिज्म होता है, आलोचनाएं होती हैं वह मोटिवेटेड मतलब से होता है। होती होंगी । मैं इनकार नहीं करता । किन्तु साथ ही साथ उसका दूसरा पहलू है कि जो तारीफें होती हैं

वह भी तो मोटिवेटेड होती होंगी । यह तो नहीं हो सकता कि तारीफें तो सोलह आने सही होती हों और क्रिटिसिज्म ही मोटिवेटेड होता हो । इसलिए जब तारीफें अच्छी लगती हैं तो कड़वी बातें भी सुनने की आदत डालनी चाहिए । नहीं तो जो राजा अपने मंत्रियों से सिर्फ मीठी मीठी बातें हीं सुनना चाहता है वह अपने राज को अधिक दिन टिका नहीं सकता ।

इस समय यहां देश पर बहुत बड़ा खतरा आ रहा है, बाहर से भी और भीतर से भी । बाहर का खतरा यह है कि हर मौके पर जो असली चीज है उसे परदे में डाल कर दूसरी बात कही जाती है । बंगाल में और और सब जगह स्टूडेंट्स अनरेस्ट और ला ऐंड आर्डर की प्राबलम छात्रों में क्रोध, क्षोभ तथा सामान्य सुरक्षा की समस्या कही जाती है और ला ऐंड आर्डर की प्राबलम की जड़ में एकोनामिक डिस्ट्रेस गरीबी की बात कह दी जाती है । यह बात पौने सोलह आने सही है कि एकोनामिक डिस्ट्रेस है, बहुत दिनों से है । लोगों पर जुल्म हुए हैं और हो रहे हैं । लेकिन इसमें कोई वही असल अकेली चीज नहीं है । यह बातें तो सैंकड़ों सालों से चली आ रही हैं । मगर आज इसको बहाना बना कर किया क्या जा रहा है । उस पर आप को सोचना है और सोचना चाहिए । आज तो इस मुल्क में यह बात हो रही है, बंगाल में जो कुछ हो रहा है, उसे देखिए, हर जगह गांधी जी के नाम पर, हर जगह नेहरू के नाम पर, अब तो यहां तक कि सुभाषचन्द्र बोस और टैगोर के नाम पर भी कालिमा लगाई जाती है, गालियां दी जाती हैं और माओ का जय जयकार मनाया जाता है, इसके मानी क्या है ? आज किसकी जान, किस की इज्जत, किस का धन वहां पर सुरक्षित है ? कुछ भी सुरक्षित नहीं है । किसी का कुछ भरोसा नहीं है । इसी का क्या भरोसा है कि आप के साथ सुरक्षा व्यवस्था न रहे तो आप कलकत्ते घूम आएंगी सुरक्षित हो कर ? तो आज यह क्यों हो रहा है ? यह इसलिए हो रहा है कि नक्सलपंथी केवल जोतदार और भूमिहीन का झगड़ा लेकर नहीं आए हैं, वह झगड़ा तो है ही झगड़े के नाम पर उसकी आड़ में वे दूसरी आग लगा रहे हैं और बढ़ा रहे हैं इसलिए कि आप की ओर से, बंगाल सरकार की ओर से और हमारे सारे समाज की ओर से जिसमें हम भी शामिल हैं, उनके दुख-दर्द को दूर करने का अब तक काफी उपाय नहीं किया गया । जनता की सही शिकायतों को बहाना बना कर वह आगे बढ़ा रहे हैं । बल्कि यह कहिए कि वह उस चीज को ईंधन बना कर इस्तेमाल कर रहे हैं । असली कारण तो दूसरा है । चीन आया हमारे ऊपर चोट करने 1962 में, मगर उसने देखा कि सारा देश एक हो गया । 1965 में चोट की पाकिस्तान ने । उसने देखा कि सारा देश एक हो गया । अब वह सोच रहे हैं कि ऐसा करो कि जिसमें देश एक न हो सके और उसके लिए एक ही उपाय है कि बीच बीच में झगड़े लगाओ, ऐसा इन्तजाम करो कि लोग लड़ते भिड़ते रहें और साथ ही साथ किसी के जान माल की सुरक्षा न रहे तो कोई किसी की परवाह नहीं करेगा । अभी उनके हिसाब से ठीक समय नहीं है । अब उनके हिसाब से सब ठीक हो जायगा तब उनको जो करना होगा वह करेंगे । इस बीच में वे हमसे फौजी लड़ाई क्यों करें, क्योंकि उनकी अगली सेना तो आगे बढ़ी हुई है । केवल बंगाल में ही नहीं, दूसरी जगहों में, भी, आन्ध्र में भी और बिहार में भी वह बढ़ते आ रहे हैं । मगर आप से हम यहां पार्टी के नाम पर नहीं, विरोधी पक्ष के हो कर नहीं, आप के प्रधान मंत्री होने की हैसियत से बहुत नम्रता से प्रार्थना करेंगे कि इस समय आप पार्टी को भूला कर देश की बात पर विचार कीजिए जो कि नहीं हो रहा है और इसलिए मैं कह रहा हूं कि नहीं हो रहा है कि आज आप अपने को बचाने के लिए, अपनी सरकार को बचाने के लिए, उन दलों के साथ हाथ मिला कर चल रही हैं जो यह सब हथकंडे करा रहे हैं । इसके एक नहीं, हजार उदाहरण हैं । मैं सिर्फ एक उदाहरण आपके सामने रखूंगी । एक उदाहरण तो यह है कि केरल में जो कुछ हुआ था 1959 में आज उससे दस गुना ही

[श्री मृत्युंजय प्रसाद]

नहीं, सौ गुना बंगाल में हो रहा है मगर उस समय 1959 में पंडित जवाहर लाल नेहरू को उतनी अकल नहीं थी जितनी आपको है। उस समय पंडित गोविंद वल्लभ पंत को उतनी अकल न थी जो आज चव्हाण साहब को है और उन बुजुर्गों ने अपनी कम अकली से नम्बूद्रीपाद गवर्नमेंट को तोड दिया यह कह कर कि यह लोग बहुत बुरा काम कर रहे हैं और कांस्टीट्यूशन भंग हो गया है। आज यह उपद्रव उस समय से कितना आगे बढ़ गया है, लेकिन चव्हाण साहब ने कभी यह नहीं माना कि कांस्टीट्यूशन भंग हो गया है। ला ऐंड आर्डर प्राबलम छोड़ कर और कोई बात ही नहीं वह मानते हैं। बराबर ला ऐंड आर्डर के बहाने पर बात को दबा देते हैं। न मालूम कितने काल अटेंशन हमने दिए, शार्ट नोटिस क्वेश्चंस दिए, एक नहीं आ पाया। कोई सवाल ही नहीं उठने पाता। कोई चर्चा ही नहीं होने पाती क्योंकि हम देखते हैं कि यहां आपकी सरकार टिकी हुई है तो कम्युनिस्ट दलों के बल पर टिकी हुई है और उसका एक नमूना मैं अभी आपको बताऊं। 6 तारीख को जब कि ऐडजर्नमेंट मोशन यहां पर आया था तो सी पी आई ने अपने दो आदमियों को छोड़ कर बाकी को भगा दिया, बाहर बैठा दिया जिससे कोई आपके खिलाफ वोट न कर सके। मगर सी पी एम ने आपके खिलाफ वोट किया और उसका नतीजा उन्हें मिला। एक हफ्ता दस दिन बाद एक छोटा सा चुनाव हुआ जिसमें एक ही जगह खाली थी जहां आप अपना कैंडीडेट खड़ा करते तो वह निर्विरोध चुना जाता ? मगर वह तो आप ने नहीं किया। आपके दल में लगता है जैसे कि कोई भी हरिजन नहीं कोई भी आदिम जाति का नहीं उस समिति के लिए आपने किसी को खड़ा ही नहीं किया और साथ ही साथ व्हिप निकाला कि सपोर्ट दि गवर्नमेंट स्टैंड और गवर्नमेंट स्टैंड लिखा नहीं जिससे किसी को मालूम न हो जाय। लिखित सबूत विरोधियों के हाथ लग जाये मगर सब को जबानी कह दिया कि सी पी एम के कैंडीडेट को सपोर्ट करो। तो यह कीमत आप दे रहे हैं। लेकिन यह समझ लीजिए कि किसी को आप खरीद नहीं पाती हैं। आप तो महज नौकर बनाती हैं। इसलिए हर महीने वेतन, मुशाहरा देना होगा, हर महीने कीमत देनी होगी। जिस दिन उनकी कीमत कम पहुंचेगी, तनख्वाह न मिलेगी, उस दिन वह आपके खिलाफ हो जाएंगे। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि देश बड़ा है। अगर देश ही न रहा तो आप की गद्दी क्या रहेगी। मैं यह मानने को तैयार नहीं कि आप उनकी मदद से पपेट गवर्नमेंट कठपुतली सरकार बनाने को राजी होंगी उनके हाथों में क्योंकि कल जो बातें चल रही थीं कि कम्बोडिया में सिहनोक तो उस वक्त निकाला गया जब कि वह अपनी गवर्नमेंट का प्रतिनिधि बना हुआ था, उसके बाद विदेशों से फौजी मदद ले कर अपने ही देश को जीतने वह आ रहा है, अब यहां पर जो इशारा था उसके माने तो कुछ ऐसा ही लग रहा था लेकिन मैं नही मानने को तैयार हूं कि नेहरू की बेटी इस बात को मानेगी, यह कबूल करेगी, मगर उनका यह इशारा था, फिक्र न करो, अगर यह बदमाश तुम्हें हटा देंगे तो हम बाहर से फौजी मदद ले कर तुम्हें फिर गद्दी पर बिठा देंगे। मैं नहीं मानता कि नेहरू की बेटी के मन में यह बात आएगी या कभी आ सकती है। मगर उनकी ओर से तो इशारा कुछ ऐसा ही जान पड़ता था।

दूसरी बात यह है कि भीतर का जो बहुत बड़ा खतरा आया, वह आपके ही हाथों आया। आपने राष्ट्रपति पद के लिए अपने दल के उम्मीदवार का नामजदगी का पर्चा दाखिल किया, उसके बाद उसको हराने में कोई कोशिश उठा न रखी और जब वह हार गया तो बड़ी खुशी जाहिर की गई, बड़े जशन मनाये गये। इस सम्बन्ध में वर्किंग कमेटी में 25 अगस्त को जो प्रस्ताव पास हुआ उसकी सिर्फ तीन लाइन ही पढ़ूंगा—

"After hearing what the President has said, the Working Committee is of the

opinion that the allegations made...

MR. CHAIRMAN : Please try to be relevant. We are discussing the Finance Bill.

श्री मृत्युंजय प्रसाद : आज जनतन्त्र पर चोट हो रही है, इसलिये कह रहा हूं। फिनेन्स बिल पर देश की सभी बातें आया करती हैं, अगर आप को एतराज है तो नहीं बोलूंगा।

सभापति महोदय : आप जरूर कहिये, मगर आप बहुत सीनियर आदमी हैं, थोड़ा रेलेवेंट कहिये।

श्री मृत्युंजय प्रसाद : उस मीटिंग में यूनैनिमस रेजोल्यूशन पास हुआ था, उसमें प्रधान मंत्री थी, बाबू जगजीवन राम थे, श्री फखरुद्दीन अली अहमद थे और उसमें पास हुआ—

"...the allegations against the President were on wrong assumptions based on information available at that time, and therefore they are untenable."

यानी आप लोगों ने कबूल कर लिया कि जो कुछ वहां आप लोगों ने किया था, वह अनटीनेबल था, गलत था, निराधार था, और यह आपने स्वीकार भी किया था क्योंकि वहां आपने कोई प्रोटेस्ट नहीं किया था, उस प्रस्ताव के बिरुद्ध आपने वोट नहीं दिया था।

खैर, अब इस बात को जाने दीजिये। लेकिन इसका नतीजा क्या हुआ ? जब बड़ी नाव डूबने लगती है तो आस-पास की छोटी नावों को भी खतरा बढ़ जाता है। आपकी पार्टी तो डूबी ही, लेकिन दूसरी पार्टिज में भी दरार पड़ गई, एक भी सुरक्षित न रह सकी एक बार कांग्रेस का झगड़ा आपने लगा दिया, तो अब तक वह कांग्रेस सोया नहीं है, चला आ रहा है चाहे जिस इलैक्शन को रोइये, जिसको चाहे कहिये, मगर कौन किसकी सुनता है।

अब मैं पब्लिक अण्डरटेकिंग्ज पर आता हूं। बहुत सी बातें यहां पर कही गई हैं, लेकिन मैं दूर न जाकर आपकी बातों को लूंगा। यह आपकी ही किताब है। आपने कहा है कि पब्लिक सैक्टर के जस्टीफिकेशन में तीन बातें आती हैं—पहली चीज है—इन्फ्रा-स्ट्रक्चर बनता है, दूसरी बात—ये उद्योग वहां पर कायम किये जाते हैं, जहां दूसरा कायम नहीं करना चाहता है और तीसरी बात है—इससे रिजनल इम्बैलेंस दूर होता है, सोशल गेन्ज होते हैं। इन्फ्रा-स्ट्रक्चर तो समझना या समझाना दोनों बड़ा मुश्किल है, जब तक आप उसकी डिटेल न बतलायें, इस लिये उसमें मैं इस समय नहीं जाऊंगा। जहां तक दूसरी बात का सम्बन्ध है कि जहां दूसरा नहीं करना चाहता, वहां आपने कायम किये हैं—ऐसा कौन सा बड़ा काम है, जो दूसरा नहीं कर रहा है और आपने पहले-पहल किया है। लोहे के कारखाने यहां पहले से कायम हैं। पिछले दिसम्बर में आपने रेलवे का जिक्र किया था—वह भी आपकी बनाई हुई नहीं है, पुरानी चीज है। मैं आज की ही एक ताजा खबर आपके सामने रखना चाहता हूं—आज ही आपने एक प्रश्न के उत्तर में कहा है—लोहे में पर-इन्गाट-टन आप का क्या लागत खर्च पड़ता है ? आपने बतलाया है कि भिलाई में 1447 रु० टन, दुर्गापुर में 1726 रु० टन और रूरकेला में 2268 रु० टन, जब कि टिस्को में—उन्होंने दो कीमतें दी हैं—1275 रु० टन और 1156 रु० टन। आपके कारखानों में लेटेस्ट टेकनीक है, आपके कारखाने मोस्ट-मोडर्न हैं, लेकिन फिर भी आपके यहां कास्ट ज्यादा पड़ती है। अब जो सब से लेटेस्ट कारखाना बोकारो में आप बनाने जा रहे हैं, उसमें आपके अनुमान से ही 2500 रु० टन पड़ने वाला है—अब बतलाइये, इसमें कौन सा इन्फ्रा-स्ट्रक्चर आपने खड़ा कर दिया है ?

अब जहां तक अदर-बेनिफिट्स का सवाल है—मैं कहना चाहता हूं कि आपने इन कामों से एम्पलायमेन्ट रोजी रोटी में कुछ नहीं बढ़ाया है, एम्पलायमेन्ट रोजी जितनी पहले थी अपनी जगह पर ही स्थित है, आप चाहें तो फिगर्स देख लें। इस समय मेरे पास सभी

[श्री मृत्युंजय प्रसाद]

आंकड़े मौजूद हैं किन्तु समय नहीं है, नहीं तो मैं उन फिगर्स को भी आपके सामने प्रस्तुत कर सकता हूं। आज आपके सभी कारखाने, दो-चार को छोड़ कर, लो-कैपेसिटी पर अपनी क्षमता से बहुत ही कम काम कर रहे हैं, उनके अन्दर आइडल-कैपेसिटी पड़ी हुई है, जिसका सब से बड़ा नुकसान यह होता है कि आदमी उनके अन्दर बेकार बैठा रहता है, जिससे उसकी आदत खराब हो जाती है, वहां के वर्क नार्म्स काम की मात्रा की अपेक्षा में हमेशा के लिये खराब हो जाती हैं, इस तरह से उस संस्था का भविष्य खराब हो जाता है।

आपने इधर एक और काम किया है—पता नहीं कब किया, कैसे किया, किससे सलाह ली? आप कहते हैं कि हम कहीं भी अपनी ओर से डिक्टेटोरियल एटीचूड नहीं रखते। आपके बजट में नहीं है, इस किताब में नहीं है, प्लान में नहीं है, लेकिन आप ने एक दम तीन लोहे के कारखाने कायम करने का वायदा कर लिया। बहुत अच्छा किया, इस बात से मेरी लड़ाई नहीं है, लेकिन यह तो मालूम होना चाहिये कि यह किसने तय किया, प्राइम मिनिस्टर ने तय किया या कैबिनेट ने तय किया, प्लानिंग कमीशन से कब पूछा गया? अचानक यह चीज कहां से आ गई और आ गई तो जब तक कोई स्कीम न बने, कोई प्लान न बने, किसी डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट का पता न हो, जब तक आपने स्थान भी तय कर दिया, फलां प्रदेशों ही तक नहीं बल्कि फलां शहरों में इनको स्थापित किया जायगा। यह क्या है? यह पोलिटीकल डिसीज़न है, न कि इकानामिक डिसीज़न।

उधर आपने बोकारो स्टील लि० का चेयरमैन एक ऐसे आदमी को बना कर रखा है जो एक समय आप का सैक्रेटरी था और साथ साथ चेयरमैन भी रहा है। अब कहा जाता है कि वह इतना पुराना हो गया है कि उसके स्थान के लिये दूसरा आदमी नहीं मिलता है। पेंशन के बाद भी बहुत दिनों तक की रोजी लग गयी, काम चाहे हो या न हो। दूसरी तरफ़ हिन्दुस्तान स्टील में, जो देश का सब से बड़ा संस्थान है, एक ऐसे आदमी को चेयरमैन बना रखा है, जो महज बैरिस्टर साहब हैं, क्या वहां कोई मुकदमा लड़वाना है। लोहे इस्पात का कोई अनुभव उन्हें नहीं था। क्या इसी तरह से बिजनेस चलेगा, इसी तरह से देश को उठायेंगे। इन सब चीजों से यही कहा जा सकता है—आपकी नीयत अच्छी है, मगर कुशलता नहीं है, प्रवीणता नहीं है, बनाना आता नहीं बनाना कुछ चाहते थे, बन गया कुछ और, फिर भी आप ज़िद के पक्के हैं कि हम बनायेंगे, ज़रूर बनायेंगे और उसी आदमी के हाथ में फिर आप सारे स्टील ट्रेड को दे रहे हैं। चलिये—डूबना तो है ही, क्योंकि यह तरीका काम को सम्भालने का नहीं है, जिसको कोई अनुभव नहीं था, उसको आपने चेयरमैन बना दिया। चार हज़ार रुपये महीना कोई कीमत नहीं रखता, जहां इतने करोड़ रुपयों की बात है। इधर बोकारो में जो आपकी कन्सल्टिंग-इन्जीनियरिंग फर्म है, वह कुछ कह रही है, आप कुछ कर रहे हैं, अगर वह नाकाबिल हैं तो उसको हटा दीजिये, मगर आपके चेयरमैन कहते हैं कि वह हिन्दुस्तान में सब से वेस्ट फर्म है। चेयरमैन कुछ कह रहे हैं, आप कुछ कह रहे हैं, कुछ समझ में नहीं आता।

मैं यही कहना चाहता हूं कि पब्लिक सैक्टर का काम ठीक से होना चाहिये। एक-दो जगह हुआ भी है, लेकिन भगवान की कृपा से हुआ है, आपकी दया से नहीं हुआ। बोकारो को ही ले लीजिये—कितने करोड़ का प्रोजेक्ट बना था, कितना लग चुका है और पता नहीं कितना और लगेगा। बन जाने के बाद भी जब उसकी फुल प्रोडक्शन होगी, 4 मिलियन टन की प्रोडक्शन हो जाने के बाद अगर आपके ही अनुमान से लागत खर्च फी टन 2500 रु० होगा, तब उसका माल कहां बिकेगा? कौन खरीदेगा?

इन्फ्रा-स्ट्रक्चर के बारे में आज ही जवाब में आपने कहा है—लोहे की चादरों, शीट्स की

कीमत 1967 में 960 रु० से 2500 रु० तक पहुंची थी। सन् 1968 में 990 और 3110 थी और 1970 में 2200 और 2150 हो गई। पहले सस्ती शीट्स 960, 950 और 860 तक थीं लेकिन आज उसकी कीमत 2450 और कम से कम 2200 तक है। तो कीमत बढ़ने का फायदा टाटा को हुआ। आप तो अपना घाटा पूरा करने के लिए दाम बढ़ा रही हैं लेकिन जो ज्यादा एफिशिएन्टली काम करते हैं वह उससे पैसा कमा रहे हैं। कहने के लिए तो यह गरीबों के लिए है लेकिन उन लोगों को फायदा हो रहा है।

15·51 hrs.

RE : INTERIM ORDER OF MADRAS HIGH COURT ABOUT ELECTION SYMBOLS

MR. CHAIRMAN: Shri R. Barua.

DR. RAM SUBHAG SINGH (Buxar): Sir, this morning the Speaker has ordered that the Law Minister should make a statement. Now I think the Law Minister is not going to make any statement on the decision of the high court which is going to be flouted. Therefore, I request you to see that the statement is made just now, today.

MR. CHAIRMAN : The statement will be made tomorrow.

DR. RAM SUBHAG SINGH : That is wrong, because this decision was given by the high court. The interim order was given on the 30th and the election procedure was to have started yesterday. That was communicated on the 27th. And now, yesterday, after the decision of the High Court, the Election Commission has postponed everything. This is a conspiracy which must not be allowed to materialise. Therefore, I request that you should see that a statement is made today. Why is it going to be made tomorrow? Because they want to do further damage to the cause. There is nothing to be collected from Trivandrum, because everything is here available in the Election Commission's office. Why is it going to be made tomorrow? Therefore, I would request you to direct them that the statement must be made today.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, AND SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI RAGHU RAMAIAH): I contacted the Law Minister, and I pointed out to him the anxiety of the House that he should make a statement. He said this is not an order passed by the Ministry; it is passed outside. He is going to enquire and he would be able to give full information only tomorrow. I have twice telephoned to him. He said he is anxious to do it, but he is unable to do it today.

DR. RAM SUBHAG SINGH : That is not the correct procedure. He has already got the cause of the Pradesh Committee damaged so heavily that it is not going to be repaird. If they take more time, I do not know what is going to happen. Therefore, he should not be allowed to consume one more day, because if they flout the high court's interim order.... (*Interruption*).

SEVERAL HON. MEMBERS *rose*—

MR. CHAIRMAN : The Minister of Parliamentary Affairs says that the Law Minister was anxious to make the statement but that he has not been able to get the full information which he wanted to get.

DR. RAM SUBHAG SINGH : That is available to him. The Law Minister is hiding the facts. A conspiracy is going on.

SHRI CHENGALRAYA NAIDU (Chittoor) : He need not go to America to get the information. (*Interruption*)

MR. CHAIRMAN : Anyway, your sentiments will be conveyed to them. Both the Prime Minister and the Minister of Parliamentary Affairs have heard what you have said.

DR. RAM SUBHAG SINGH : That is wrong. (*Interruption*)

SHRI KAMALNAYAN BAJAJ (Wardha) : Sir, you should satisfy yourself: why they could not get information which is here in the Election Commission's office itself. Why not get the information? (*Interruption*)

MR. CHAIRMAN : Mr. Bajaj, Mr. Naidu, your leader has spoken.